गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल


Si न्यूज़

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 02 अंक: 33 | गोरखपुर रविवार 02 फरवरी 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

# पीएम मोदी ने जताया भरोसा, 5 फरवरी को दिल्ली में आएगी विकास की नई लहर



**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के आरके पुरम में बीजेपी की 'विकसित दिल्ली संकल्प रैली' में हिस्सा लिया। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली में विकास की नई बहार आने वाली है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। पीएम ने रैली में आप सरकार पर भी निशाना साधा। आप सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, 'दिल्ली की अअढ-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा।'

पीएम ने कहा, 'गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है। जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।' उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां अअढ-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। आप पार्टी छोड़ रहे सांसदों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। अअढ-दा के लीडर्स, उसे छोड़कर जा रहे हैं, ये जान चुके हैं कि ग्राउंड पर जनता अअढ-दा से कितना नाराज है। बजट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।' उन्होंने कहा कि आप भी जानते हैं कि 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंच चुकी है, यानी देश की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था का कद बढ़ रहा है, नागरिकों की कमाई भी बढ़ रही है।

पहले की स्थिति होती तो देश की ये बढ़ती हुई कमाई घोटालों में चली जाती, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। लेकिन भाजपा की ईमानदार सरकार देशवासियों का एक-एक पैसा देश की भलाई, देशवासियों की भलाई के लिए लगा रही है। पीएम ने कहा, 'कल बजट आने के बाद से पूरा मिडिल क्लास कह रहा है कि ये बजट, भारत के इतिहास में मिडिल क्लास के लिए सबसे फ्रेंडली बजट है। हमारी सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर इनकम टैक्स पूरी तरह जीरो कर दिया है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों के हजारों रुपए बचेंगे।'

## सिद्धरमैया के राजनीतिक सलाहकार बी.आर. पाटिल ने इस्तीफा दिया

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सलाहकार



बी.आर. पाटिल ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। कलबुर्गी जिले के आलंद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक पाटिल को 29 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री का राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। उन्होंने बेंगलुरु स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में आज अपना इस्तीफा सौंपा। हाल ही में पाटिल ने किसानों को कानून के जरिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने के समर्थन में बेंगलुरु स्थित विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया था। उन्होंने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह प्रदर्शन किया था। डल्लेवाल पंजाब-नयी दिल्ली सीमा के पास एक महीने से अधिक समय से अनशन कर रहे हैं। पाटिल ने कांग्रेस विधायक दल की बैठकों में भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि न दिए जाने पर निराशा जाहिर की थी।

## गुजरात में बस खाई में गिरने से पांच तीर्थयात्रियों की मौत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से




पांच लोगों की मौत हो गई और 17 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 15 मिनट पर हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के निकट चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि 48 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस अवरोधक को तोड़कर लगभग 35 फुट गहरी खाई में गिर गई। अधिकारी ने बताया कि पांच लोगों- दो महिलाओं और तीन पुरुषों- की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया, पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अहवा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ अन्य को मामूली चोटें आई हैं। बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से 48 तीर्थयात्रियों को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्री मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों के थे।

## दिल्ली पुलिस ने 2.23 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की, दो आरोपी पकड़े गए

**एजेंसी**


नई दिल्ली। पहले अभियान में पुलिस ने शुक्रवार को भलस्वा डेयरी से साहिदुल खान उर्फ बाबू खान को 294 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। खान की गिरफ्तारी एक पुराने मामले के बाद हुई है जिसमें मंगोलपुरी में सनी और सारिका नामक एक जोड़े को 280 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। जांच में पता चला कि खान ही उनका आपूर्तिकर्ता था। दूसरे अभियान में पुलिस ने शुक्रवार को जहांगीरपुरी में अंजू उर्फ गौरी भाभी को 96 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। पुलिस को उसका संबंध एक पुराने मामले से मिला जिसमें शेख शाहनवाज उर्फ ??सोहेल से 402 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी।

## आय बढ़ाने में भी वेटलैंड्स की अहम भूमिका : सीएम योगी

**देश में 10 वर्ष में इसे बढ़ाकर 89 तक पहुंचाने में मिली सफलता : मुख्यमंत्री**

**संवाददाता**

गोंडा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भूजल संरक्षण, सिंचाई-पेयजल की उपलब्धता, बाढ़ व सूखे पर नियंत्रण, कार्बन भंडारण व जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर वनस्पतियों, वन्य प्राणियों, प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के संरक्षण के साथ-साथ भोजन, औषधि, आजीविका, आय के संसाधन उपलब्ध कराने में वेटलैंड्स की बड़ी भूमिका है। जलीय पारिस्थितिकी ही नहीं, बल्कि जीव-जंतु की पारिस्थितिकी भी वेटलैंड्स पर निर्भर करती है। यह प्रकृति के मूल स्वरूप की तरफ ध्यान आकर्षित करने का माध्यम भी बनती है। पार्वती और अरगा प्राकृतिक झील प्रकृति के मूल स्वरूप की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं। यह भारत के उस विरासत का प्रतीक है, जो सरयू नदी के कारण सैकड़ों वर्ष पहले प्राकृतिक झील बना। इसका स्वरूप आज भी उसी रूप में है। यहां प्रवासी व स्थानीय पक्षी बैठे हैं। हजारों किमी. की दूरी तय कर वे हर बार यहां आते हैं।



गर्मी बढ़ने पर अपने देश जाने लग जाएंगे। यह अपने साथ वहां की परिस्थितियों से भी हमें अवगत कराने को प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व वेटलैंड्स डे पर रविवार को गोंडा के पार्वती अरगा पक्षी विहार में 'हम सभी के भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण' विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएम ने विभिन्न पुस्तकों का विमोचन, प्रदर्शनी का अवलोकन और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। सीएम ने कहा कि पर्यटन अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का माध्यम है। ईको, हैरिटेज, स्प्रिचुअल टूरिज्म रोजगार सृजन का भी बड़ा माध्यम बनता है। यहां से 20 किमी. दूर अयोध्या में 2016 में महज 2.35 लाख पर्यटक आए थे। हमारी सरकार ने वहां कनेक्टिविटी ठीक की, थोड़ी सुविधाएं बढ़ाईं तो 2024 में 16. 11 करोड़ लोग यहां आए। इससे रोजगार में काफी वृद्धि हुई।

## दिल्ली में गुंडागर्दी मचा रही है बीजेपी: आप

**एजेंसी**



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। उन्होंने इस संबंध में चुनाव आयोग को पत्र लिखा। अपने पत्र में केजरीवाल ने चुनाव आयोग से उनके नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। केजरीवाल ने पत्र में लिखा है कि विधानसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा कार्यकर्ता उनकी पार्टी के कार्यकताओं पर हमला कर रहे हैं और दिल्ली पुलिस कुछ नहीं कर रही है। आयोग को लिखे पत्र में केजरीवाल ने ऐसे मामलों में कथित रूप से शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की भी मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र में नई दिल्ली सीट पर आप कार्यकर्ताओं पर कथित हमले की घटनाओं का हवाला दिया है। शनिवार को रोहिणी इलाके में एक जनसभा के दौरान आप विधायक मोहिंदर गोयल पर कथित तौर पर हमला किया गया।

# सम्पादकीय...

## ट्रूडो की शिकस्त

अपनी सरकार बचाने के लिये भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को करारी शिकस्त मिली है। जिन लोगों को खुश करने के लिये ट्रूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर ट्रूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह ट्रूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। ट्रूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि ट्रूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है। निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया ट्रूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे ट्रूडो ने बिना जांच-पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए। इस तरह भारत के पक्ष पर मोहर लगाकर कनाडाई जांच आयोग ने साबित कर दिया है कि ट्रूडो का भारत विरोध दुराग्रहों से ही प्रेरित था। यही वजह थी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को अपने देशों से निकाला और इससे नागरिकों का मुक्त आवागमन बाधित हुआ है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कनाडा में उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा। कालांतर देश के मिजाज को समझते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नये नेता का चुनाव होने तक ही उन्हें इस पद पर रहने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा में आम चुनाव होने वाले हैं। बहरहाल, इस मामले में ट्रूडो के आरोप खारिज होने के बाद भारत के खिलाफ मुहिम चलाने वालों का भी मनोबल जरूर गिरेगा।

# लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी

**उमेश चतुर्वेदी**

बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है। सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा। वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार



रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा।

# कुछ खास...

## बजट में सबका ख्याल, लेकिन चुनौतिया बरकरार

**प्रेम शर्मा**

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्य वर्ग को आयकर में बड़ी राहत दी है। मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता की बागडोर संभालने के समय ढाई लाख आय पर कोई टैक्स नहीं था। इस बार इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 बजट के जरिये हर वर्ग, खासतौर पर गरीब, युवाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है, जो उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेंगे। इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं, जो खासकर आम नागरिक, किसानों, युवाओं और छोटे व्यवसायों के लिए सकारात्मक बदलाव लाएंगे। वित्त मंत्री ने जिस तरह से सामाजिक कल्याण, बुनियादी ढांचा और आर्थिक समावेशन पर जोर दिया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि समग्र समृद्धि है। आयकर में सुधार, कृषि क्षेत्र में निवेश, और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसी योजनाओं के जरिए सरकार ने आम आदमी की उम्मीदों को नई दिशा दी है। इस बजट के जरिए भारत अपनी दीर्घकालिक विकास की यात्रा में और मजबूत कदम उठाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा। विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और साथ ही विकासों निवेश और उपभोग को कई गुणा बढ़ेगा।

हालांकि विपक्ष द्वारा बजट को लेकर जो प्रतिक्रियाए आई है वह स्वाभाविक है। क्योंकि विपक्ष अगर विरोध दर्ज नही करायेगा तो वह विपक्ष कैसा। बहरहाल वित्त मंत्री सभी को साधने वाले बजट से अर्थव्यवस्था को न केवल बल मिलना चाहिए, बल्कि वह कहीं तेज गति से बढ़नी चाहिए। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि आर्थिक सर्वे जहां यह कह रहा है कि आगामी वित्त वर्ष में आर्थिक विकास की दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, वहीं देश को विकसित बनाने के लिए कम से कम एक दशक तक आठ प्रतिशत विकास दर की आवश्यकता है। आखिर यह आवश्यकता कैसे पूरी होगी? लोक लुभावन बजट के बाद भारत में कृषि, बेरोजगारी, कुपोषण, जल, महंगाई जैसी चुनौतियाँ अभी भी बरकरार है। जब तक हमारे उद्योग-धंधे वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम नहीं बनते। उन्हें इस प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए उत्कृष्टता भी हासिल करनी होगी, क्योंकि वे तभी वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे। बजट में यह प्रविधान किया गया है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को कहीं आसानी से ज्यादा कर्ज मिल सकेगा, लेकिन उनकी समस्या कर्ज नहीं, वह तकनीक है, जिसके अभाव में उनके उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपना स्थान नहीं बना पा रहे हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों के सशक्त होने से केवल देश को आत्मनिर्भर बनाने में ही सहायता नहीं मिलेगी, बल्कि रोजगार के कठिन सवाल को हल करने में भी आसानी होगी। बजट में सामाजिक विकास की योजनाओं पर धन का आवंटन बढ़ाना समय की मांग थी, लेकिन अच्छा होता कि बजट यह संदेश देता कि जब लोग आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी देश भी आत्मनिर्भर होगा। टैक्स छूट से अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, लेकिन कितना, यह आने वाला समय बताएगा, क्योंकि टैक्स छूट से जनता के पास करीब एक लाख करोड़ रुपये ही आएगा।

# राशिफल

मेषः- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

बृषभः- शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

मिथुनः- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

कर्कः- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

सिंहः- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्याः- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

तुलाः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

वृश्चिकः- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

धनुः- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

मकरः- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

# रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम की 15 फरवरी को संसद भवन में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में एनिमेटेड फिल्म रामायण द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम का जिक्र करने के बाद अब 15 फरवरी को संसद भवन में इसकी विशेष स्क्रीनिंग रखी गई है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल होंगे। स्क्रीनिंग को एक महत्वपूर्ण अवसर के तौर पर देखा जा सकता है, जिसमें फिल्म के सांस्कृतिक और कलात्मक महत्व के जश्न के साथ ही भारत और जापान के बीच मजबूत संबंधों का जश्न भी शामिल है।

फिल्म की स्क्रीनिंग में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य सभी पीढ़ियों के लोगों के बीच इस पौराणिक महाकाव्य की समझ विकसित करना है। यह रामायण के कालातीत मूल्यों को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है, जो भारतीय परंपरा और आध्यात्मिकता के मूल सिद्धांतों को दिखाता है। गीक पिक्चर्स के सह-संस्थापक अर्जुन अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ष्हम भारतीय संसद के इस कदम से बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे काम को इतने प्रतिष्ठित स्तर पर मान्यता मिलना सौभाग्य की बात है। यह स्क्रीनिंग सिर्फ एक फिल्म का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत और रामायण की कालातीत कहानी का उत्सव है, जो हमें प्रेरित करने के साथ हमारा मार्गदर्शन भी करती है। स्क्रीनिंग में संसद के दोनों सदनों के सदस्य और सांस्कृतिक क्षेत्रों से आमंत्रित मेहमान शामिल होंगे। कोइची सासाकी, राम मोहन और युगो साको ने फिल्म का निर्देशन किया है। रामायण रू द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम का पहला प्रीमियर 1993 में हुआ था। फिल्म को 24वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (1993) में दिखाया गया था और इसका टेलीविजन प्रसारण भी हुआ था। हिंदी वॉयस कास्ट में राम के रूप में युद्धवीर दहिया, सीता के रूप में सोनल कौशल, लक्ष्मण के रूप में उपलक्ष कोचर और रावण के रूप में राजेश जॉली शामिल हैं। वहीं, मूल हिंदी डब में राम की आवाज अरुण गोविल, सीता की नम्रता साहनी, रावण की अमरीश पुरी और कथावाचक की आवाज शत्रुघ्न सिन्हा ने दी थी।

# ये दोस्ताना: अपने अजीज दोस्त सलमान से मिले अनुपम खेर, लगाया गले

## बोले-हम ज्यादा भले ना मिलें, पर जब मिलते हैं तो..

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अनुपम खेर और सलमान खान की दोस्ती बहुत पुरानी है। दोनों ने कई सालों तक एक-दूसरे के साथ काम किया है। हालांकि, इन दिनों दोनों




अपने-अपने वर्क प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी बीच हाल ही में अनुपम खेर ने अपने पुराने दोस्त सलमान खान से मुलाकात की और इस मुलाकात की एक खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसे फैंस खूब लाइक करते नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर में अनुपम खेर, सलमान खान को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में एक्टर ने लिखा, सलमान और मैं! हम ज्यादा भले ना मिलें, पर जब मिलते हैं तो सालों की दोस्ती की खुशी चेहरे पर साफ दिखाई देती है द्व इस पोस्ट के जरिए अनुपम खेर ने अपने दोस्त सलमान खान के साथ अपनी गहरी दोस्ती और आपसी सम्मान का इजहार किया है। फैंस एक्टर के इस पोस्ट को जमकर लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें, यह पहली बार नहीं है जब अनुपम खेर ने सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती को लोगों के बीच जाहिर किया है।

# निरहुआ को आम्रपाली दुबे ने किया बर्थडे विश

## कहा-हमेशा सबके दिलों पर राज करते रहें






भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उन्हें भोजपुरी इंडस्ट्री के कई सितारे बधाई दे रहे हैं। निरहुआ की दोस्त और भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर निरहुआ के साथ अपनी कुछ फोटोज का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें निरहुआ अपने दोस्तों के साथ केक काटते हुए बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस वीडियो में आम्रपाली भी उनके साथ नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ आम्रपाली ने भोजपुरी गाना शोहर आदत हो रहल बाश भी लगाया है और निरहुआ के लिए एक प्यारा कैप्शन भी लिखा है। आम्रपाली ने कैप्शन में लिखा, जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दिनेश लाल यादव जी। भगवान आपको हमेशा स्वस्थ रखें, समृद्ध रखें, दीर्घायु दे और आप हमेशा सबके दिलों पर राज करते रहें। आम्रपाली और निरहुआ ने एक साथ कई हिट भोजपुरी फिल्मों में काम किया है, जैसे कि राजा बाबू, पटना टू पाकिस्तान, लल्लू की लैला, सिपाही, राम लक्खन, आशिक आवारा, निरहुआ हिंदुस्तानी और फसल। इसके अलावा, भोजपुरी एक्ट्रेस और सिंगर अक्षरा सिंह ने भी निरहुआ को जन्मदिन की बधाई दी है। अक्षरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर निरहुआ के साथ अपनी आगामी फिल्म की एक फोटो पोस्ट की और लिखा, हैप्पी बर्थडे दिनेश लाल यादव सर, ईश्वर आपको स्वस्थ और सफल बनाए रखें।

# लोगों की भविष्यवाणी सच होती दिख रही..

## कॉन्सर्ट से पहले सोनू निगम के आड़े आई ये मुसीबत, बोले-ये साल मेडिकल इशू से भरा..



अपनी सिंगिंग के साथ ही सिंगर सोनू निगम सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। वो अक्सर खुद से जुड़े अपडेट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। इन दिनों सिंगर बैकपेन की समस्या से जूझ रहे हैं। कॉन्सर्ट से ठीक पहले ही उनके शरीर पर ये कमर दर्द उठ गया है। ऐसे में सोनू ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द शेयर किया है। सोनू निगम ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, कुछ लोगों ने इस साल के लिए भविष्यवाणी की थी कि ये साल दुर्घटनाओं और मेडिकल इशूश से भरा रहेगा। अब लग रहा है कि उनकी भविष्यवाणी सच होती दिख रही है। इस हालत में मुझे आज पुणे की स्टेज पर जाना होगा। लोगों को ये काफी आसान लगता है लेकिन शोबिज की दुनिया काफी मुश्किलों से भरी है। मां सरस्वती आज मुझे सहारा दें। शेयर किए वीडियो में सोनू निगम जिम में समय बिताते दिख रहे हैं। इसके साथ ही वो मसाज भी ले रहे हैं। सिंगर ने मसाज के बाद पुणे में अपना म्यूजिकल कॉन्सर्ट भी किया है। इस दौरान वह थोड़े ठीक लगे। अपनी सिंगिंग और सोशल मीडिया पोस्ट के अलावा सोनू निगम अपनी बेबाक टिप्पणियों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने पद्म पुरस्कारों को लेकर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

# ज्यादा कोलेस्ट्रॉल बन सकता है दिल के दौरे की वजह, कम करने के लिए करें ये 5 योगासन




कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ना आजकल लोगों के लिए आम समस्या बन चुकी है। ऐसा होने के पीछे हमारी खराब लाइफस्टाइल और खान-पान का हाथ है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की वजह से हार्ट डिजीज का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल करने के लिए योग करना फायदेमंद हो सकता है। आइए जानें कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए 5 असरदार योगासनों के बारे में।

आजकल की बिजी लाइफस्टाइल और अनियमित खान-पान के कारण कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ना एक आम समस्या बन गई है। हाई कोलेस्ट्रॉल हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

ऐसे में योग एक प्राकृतिक और असरदार तरीका है, जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को प्रभावित करने वाला एक अहम रिस्क है। आइए जानते हैं कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए 5 असरदार योगासन।

**पश्चिमोत्तानासन**

पश्चिमोत्तानासन एक आसान, लेकिन असरदार आसन है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करने और शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह आसन पेट के अंगों को एक्टिव करता है और ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर बनाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है।

**कैसे करें?**

जमीन पर सीधे बैठें और पैरों को सामने फैलाएं।

गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं।

सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और पैरों की उंगलियों को पकड़ने की कोशिश करें।

इस स्थिति में 30 सेकंड से 1 मिनट तक रहें।

**अर्ध मत्स्येन्द्रासन**

यह आसन पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और लिवर व किडनी को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। यह शरीर से एक्स्ट्रा फैट और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार है।

**कैसे करें?**

जमीन पर बैठकर पैरों को सामने फैलाएं।

दाएं पैर को मोड़कर बाएं पैर के बाहरी तरफ रखें।

बाएं हाथ को दाएं घुटने पर रखें और शरीर को दाईं ओर मोड़ें।

30 सेकंड तक इस स्थिति में रहें और फिर दूसरी तरफ दोहराएं।

**सूर्य नमस्कार**

सूर्य नमस्कार कई योगासनों का एक सेट है, जो शरीर के सभी अंगों को एक्टिव करता है। यह वजन कम करने, ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर बनाने और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

सूर्य नमस्कार के 12 चरणों को क्रम से करें।

हर स्टेप में सांस लेने और छोड़ने का ध्यान रखें।

इसे 5-10 बार दोहराएं।

**कपालभाति प्राणायाम**

कपालभाति प्राणायाम एक शक्तिशाली ब्रीदिंग तकनीक है, जो शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालती है और ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर बनाती है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मददगार है।

**कैसे करें?**

सुखासन या पद्मासन में बैठें।

गहरी सांस लें और फिर तेजी से सांस छोड़ें, पेट को अंदर की ओर खींचें। इस प्रक्रिया को 5-10 मिनट तक दोहराएं।

**सर्वांगासन**

सर्वांगासन थायरॉयड ग्लैंड को एक्टिव करता है और शरीर के मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है। यह आसन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और शरीर को संतुलित करने में मदद करता है।

**कैसे करें?**

पीठ के बल लेट जाएं और पैरों को ऊपर उठाएं।

हाथों से कमर को सहारा देते हुए शरीर को ऊपर उठाएं।

इस स्थिति में 1-2 मिनट तक रहें।




हर बहू चाहती है कि उसके ससुराल में हंसी-खुशी का माहौल हो लेकिन सास-बहू के रिश्ते में अक्सर कुछ ऐसी तल्खियां आ जाती हैं जो दोनों के बीच खटास पैदा कर देती हैं। कई बातें ऐसी होती हैं जो सास अनजाने में बोल देती हैं लेकिन वो बहुओं के दिल में तीर की तरह चुभ जाती हैं और उनके रिश्तों में दरार डाल देती हैं।

परिवार के रिश्ते जितने मधुर और स्नेहपूर्ण होते हैं, उतने ही जटिल और चुनौतीपूर्ण भी। इन रिश्तों में सास-बहू का रिश्ता सबसे ज्यादा चर्चा और विवाद का विषय बना रहता है। यह रिश्ता जहां एक ओर प्यार और सम्मान से भरा हो सकता है, वहीं दूसरी ओर यह तनाव और मनमुटाव का कारण भी बन सकता है।

बहुएं अक्सर यह शिकायत करती हैं कि उनकी सास की कुछ बातें उनके दिल में तीर की तरह चुभती हैं। ये बातें न सिर्फ उनके आत्मविश्वास को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि परिवार के माहौल को भी बिगाड़ देती हैं। आइए, ऐसी ही 5 बातों के बारे में जानते हैं, जो बहुओं के दिल में गहरी चोट पहुंचाती हैं।

**हमारे समय में ऐसा नहीं होता था**

सास अक्सर बहू की तुलना अपने समय से करती है। वे कहती हैं, "हमारे समय में ऐसा नहीं होता था" या "हम तो इतनी मेहनत करते थे।" यह बात बहू के मन में हीनभावना पैदा करती है। उसे लगता है कि उसकी कोशिशों को कम आंका जा रहा है और उसकी क्षमताओं पर सवाल उठाया जा रहा है। यह तुलना न केवल बहू के आत्मविश्वास को ठेस पहुंचाती है, बल्कि उसे यह एहसास भी दिलाती है कि वह कभी भी सास की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाएगी।

**मेरा बेटा मेरी मर्जी से चलेगा**

सास द्वारा बेटे पर अधिकार जताना भी बहू के लिए एक बड़ी समस्या बन जाता है। वे अक्सर कहती हैं, "मेरा बेटा मेरी मर्जी से चलेगा" या "तुम उसे बिगाड़ रही हो।" यह बात बहू को लगता है कि उसकी शादीशुदा जिंदगी में सास का दखल अधिक है। इससे न केवल बहू और सास के बीच तनाव बढ़ता है, बल्कि पति-पत्नी के रिश्ते में भी दरार आने की संभावना रहती है। बहू को लगता है कि उसकी निजता और स्वतंत्रता का सम्मान नहीं किया जा रहा है।

# इन 5 चीजों को ज्यादा पकाने से बचें! बढ़ जाता है कैंसर का खतरा

कुछ फूड्स ऐसे हैं जिन्हें ज्यादा पकाने से उनमें हानिकारक रसायन पैदा हो सकते हैं जो कैंसर के खतरे को बढ़ा देते हैं। जी हां 4 फरवरी को मनाए जाने वाले विश्व कैंसर दिवस के मौके पर यहां हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आपको ज्यादा पकाने से बचना चाहिए।



हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। यह दिन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इसके रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देने और इस बीमारी से लड़ने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों को एकजुट करने का मौका देता है।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो दुनिया भर में लाखों लोगों की जान लेती है और इसके कारणों में आनुवांशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली से जुड़े पहलू शामिल हैं। इनमें से एक बड़ा कारण हमारी डाइट भी है। आज हम बात करेंगे उन 5 चीजों के बारे में जिन्हें ज्यादा पकाने से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इन्हें समझकर और सही तरीके से पकाकर हम इस जानलेवा बीमारी के खतरे को कम कर सकते हैं।

**1) आलू और अन्य स्टार्च वाले फूड्स**

आलू, चिप्स, फ्रेंच फ्राइज और अन्य स्टार्च वाले फूड्स को ज्यादा तापमान पर पकाने या तलने से उनमें एक हानिकारक रसायन बनता है, जिसे एक्रिलामाइड कहा जाता है। यह रसायन कैंसर का कारण बन सकता है। जब स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों को 120 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान पर पकाया जाता है, तो यह रसायन बनने लगता है। इसलिए, आलू या अन्य स्टार्चयुक्त फूड आइटम्स को हल्का सुनहरा होने तक ही पकाएं और उन्हें ज्यादा भूरा या काला होने से बचाएं।

**2) मांस और मछली**

मांस और मछली को ज्यादा तापमान पर पकाने या ग्रिल करने से उनमें हेटरोसाइक्लिक एमाइन्स और पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स नामक हानिकारक रसायन बनते हैं। ये रसायन डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। मांस को धीमी आंच पर पकाना और उसे जलने से बचाना इस खतरे को कम कर सकता है। साथ ही, मांस को मैरिनेट करने से भी इन रसायनों का निर्माण कम होता है।

**3) तेल और फैट**

तेल को बार-बार गर्म करने या उसे धुंआ छोड़ने वाले तापमान तक गर्म करने से उसमें एक्रोलिन और अन्य हानिकारक एंजाइम बनते हैं, जो शरीर में जाकर ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करते हैं और कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं। इसलिए, तेल को एक बार इस्तेमाल करने के बाद दोबारा यूज न करें और उसे ज्यादा गर्म करने से बचें। साथ ही, हेल्दी तेल जैसे ऑलिव ऑयल या कोकोनट ऑयल का इस्तेमाल करना बेहतर होता है।

**4) ब्रेड और बेकरी प्रोडक्ट्स**

ब्रेड, टोस्ट और अन्य बेकरी प्रोडक्ट्स को ज्यादा पकाने या जलाने से उनमें भी एक्रिलामाइड बन सकता है। खासतौर से, टोस्ट को ज्यादा भूरा या काला करने से बचना चाहिए। हल्के सुनहरे रंग तक ही टोस्ट करना सेफ होता है। इसके अलावा, बेकरी प्रोडक्ट्स में मौजूद शुगर को ज्यादा गर्म करने से भी हानिकारक एंजाइम बन सकते हैं।

### रोहित शर्मा के हाथों अवॉर्ड मिलने के बाद भावुक हुए अग्नि चोपड़ा

# बोले- हिटमैन मेरे आदर्श हैं



**एजेंसी**

नई दिल्ली। 26 वर्षीय बल्लेबाज अग्नि चोपड़ा मशहूर फिल्म निमार्ता विधू विनोद चोपड़ा के बेटे हैं। उनकी मां अनुपमा चोपड़ा एक फिल्म समीक्षक हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2023-24 के घरेलू सत्र में लगभग 80 के औसत से 939 रन बनाए थे।घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अग्नि चोपड़ा को रणजी ट्रॉफी प्लेट लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया। इस अवॉर्ड को रोहित शर्मा के हाथों पाकर अग्नि भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हिटमैन उनके आदर्श हैं।26 वर्षीय बल्लेबाज अग्नि चोपड़ा मशहूर फिल्म निमार्ता विधु विनोद चोपड़ा के बेटे हैं। उनकी मां अनुपमा चोपड़ा एक फिल्म समीक्षक हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2023-24 के घरेलू सत्र में लगभग 80 के औसत से 939 रन बनाए थे। इस शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।अग्नि ने कहा- रोहित भाई से यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है, जो मुंबई से हैं और जिन्हें मैं कई वर्षों से अपना आदर्श मानता हूं। मैंने रोहित भाई को अपने जीवन के लगभग आधे समय तक खेलते हुए देखा है, और भारतीय कप्तान से यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है। मेरे माता-पिता द्वारा मेरा उत्साहवर्धन करना इसे और भी खास बनाता है क्योंकि उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है, खासकर मुश्किल समय में जब मैं मुंबई टीम में था और बाहर था।

# भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने की दिशा में निर्णायक कदम

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में यह बजट एक निर्णायक कदम है। यह बजट संरचनात्मक सुधारों, रणनीतिक निवेश और आर्थिक विकास की समावेशी नीतियों पर जोर देता है। कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात पर ध्यान केंद्रित करके अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश की गई है। पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी व बुनियादी ढांचे के विकास, शहरी परिवर्तन और औद्योगिक आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया है। प्रस्तावित दूसरी परिसंपत्ति मुद्रीकरण योजना नई परियोजनाओं के लिए 10 लाख करोड़ के मूल्य को अनलॉक करेगी, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी।1.5 लाख करोड़ के परिव्यय के साथ राज्यों के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण योजना उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाएगी। एमएसएमई क्षेत्र को पर्याप्त बढ़ावा मिला है। बढ़ा हुआ क्रेडिट गारंटी कवर, निवेश सीमा व संशोधित वर्गीकरण मानदंड विकास प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स का विस्तार, जूते, चमड़े व खिलौना क्षेत्रों के लिए फोकस उत्पाद योजना छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। सूक्ष्म उद्यमों के लिए क्रेडिट कार्ड के विस्तार और स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत सावधि ऋण में वृद्धि से उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।व्यक्तिगत आयकर ढांचे में बदलाव से मध्यम वर्ग को फायदा होगा। कर मुक्त आय सीमा 12 लाख करने से सीधे तौर पर खर्च करने योग्य आय में वृद्धि होगी।



# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को दी उसकी सबसे बड़ी टेस्ट हार

### पारी और 242 रनों से हराकर सीरीज में ली बढ़त




**एजेंसी**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया था और उसकी दूसरी पारी 247 रनों पर ही ढेर हो गई। श्रीलंका को इससे पहले सबसे बड़ी हार 2017 में नागपुर टेस्ट में मिली जब भारत ने उसे पारी और 239 रनों से हराया था।ऑस्ट्रेलिया ने स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन और नाथन लियोन की दमदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका को पहले टेस्ट में पारी और 242 रनों से हराया। यह श्रीलंका की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी हार है।

कुहनेमैन और लियोन ने दोनों पारियों में श्रीलंका की कमजोर बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए मिलकर 16 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया था और उसकी दूसरी पारी 247 रनों पर ही ढेर हो गई। श्रीलंका ने इस तरह दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। श्रीलंका को इससे पहले सबसे बड़ी हार 2017 में नागपुर टेस्ट में मिली जब भारत ने उसे पारी और 239 रनों से हराया था। यह ऑस्ट्रेलिया की एशिया में सबसे बड़ी टेस्ट जीत भी है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी छह विकेट पर 654 रन के स्कोर पर घोषित की थी, जबकि श्रीलंका पहली पारी में 165 रन पर सिमट गई थी। कुहनेमैन ने पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे, उन्होंने 149 रन देकर नौ विकेट हासिल किए जो टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। श्रीलंका ने लंच से पहले एक सत्र में आठ विकेट गंवाए। उसने लंच और चाय के बीच सात विकेट खो दिए। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से अपना दबदबा कायम रखा। दिनेश चांदीमल एकमात्र खिलाड़ी थे जो एक छोर पर डटे थे जिन्होंने 72 रन बनाए, जबकि नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले जेफरी वांडरसे ने दूसरी पारी में अर्धशतक बनाया।

### भारतीय महिला अंडर- 19 टीम लगातार दूसरी बार चैंपियन

# फाइनल में द. अफ्रीका को नौ विकेट से हराया

**⇨ फाइनल में भारतीय गेंदबाजों ने कहर बरपाया। भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 20 ओवर में 82 रन पर समेट दिया। इसके बाद गोंगाड़ी त्रिशा की विस्फोटक पारी की बदौलत टीम इंडिया ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।**




**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। इस टूनार्मेंट की शुरूआत 2023 में हुई थी और पहले ही संस्करण में भारतीय टीम ने जीत हासिल की थी। तब टीम इंडिया की कप्तान शेफाली वर्मा रही थीं। अब दो साल बाद टूनार्मेंट के दूसरे संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी है।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई थी। जवाब में टीम इंडिया ने 11.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की सीनियर और जूनियर महिला टीमों को मिलाकर 2023 के बाद यह दूसरी बार है जब कोई आईसीसी ट्रॉफी अपने घर आई हो। गोंगाड़ी त्रिशा ने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा नाबाद 44 रन भी बनाए। गोंगाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का अवॉर्ड भी मिला।फाइनल में भारतीय गेंदबाजों ने कहर बरपाया। भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 20 ओवर में 82 रन पर समेट दिया। कुआलालंपुर के बेयुमास ओवल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान रेनेके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। हालांकि, उनका यह फैसला गलत साबित हुआ। टीम की शुरूआत ही खराब रही थी। दक्षिण अफ्रीकी टीम को दूसरे ओवर में सिमोन लॉरेन्स के रूप में पहला झटका लगा था। उन्हें पारुनिका सिसौदिया ने क्लीन बोल्ड किया। सिमोन खाता नहीं खोल सकीं। इसके बाद चौथे ओवर में शबनम शकील ने जेम्मा बोथा को कमालिनी के हाथों कैच कराया। जेम्मा ने 14 गेंद में तीन चौके की मदद से 16 रन बनाए। पांचवें ओवर में 20 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका लगा। आयुषी शुक्ला ने डायरा रामलकान को बोल्ड किया।

## पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए सुरक्षित भुगतान प्रणाली बनाने की तैयारी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रस्तावित प्रणाली के तहत, सेबी ने पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए एक विशेष यूपीआई पता बनाने का सुझाव दिया है, जिससे निवेशकों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान हो जाएगा कि वे केवल पंजीकृत इकाइयों को ही भुगतान कर रहे हैं।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये प्रतिभूति बाजार में सुरक्षित और बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई प्रणाली लाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक सेबी ने वैध वित्तीय मध्यस्थों को धोखेबाजों से बचाने के लिए यह कदम उठाया।प्रस्तावित प्रणाली के तहत, सेबी ने पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए एक विशेष यूपीआई पता बनाने का सुझाव दिया है, जिससे निवेशकों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान हो जाएगा कि वे केवल पंजीकृत इकाइयों को ही भुगतान कर रहे हैं।



## भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश और प्रज्ञानंद 12वें दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रज्ञानंद ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो उनके हमवतन गुकेश के समान है।भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञानंद ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली है।

विश्व चैंपियन गुकेश ने नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के खिलाफ ड्रॉ खेला, लेकिन प्रज्ञानंद सर्बिया के एलेक्सी सेराना को हराने में सफल रहे जिससे वह हमवतन गुकेश की बराबरी पर आ गए। दोनों भारतीय अब इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में रोमांचक समापन के लिए तैयार हैं जिसमें उनमें से एक के खिताब जीतने की संभावना है क्योंकि अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। अगर दोनों में से कोई खिताब जीतता है तो यह पहली बार होगा जब टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब किसी भारतीय के नाम होगा।प्रज्ञानंद ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो उनके हमवतन गुकेश के समान है।

### पीयूष गोयल ने दी जानकारी....

# 'केंद्र के सभी मुद्दों की विस्तार से जांच के लिए गठित होगी समिति'

**एजेंसी**



नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करने वाले मिशन की घोषणा की।केंद्रिय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि व्यवसाय करने की लागत में कटौती जैसे मुद्दों पर विवरण प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के तहत एक समिति स्थापित की जाएगी। इस समिति में केंद्र राज्य और प्राइवेट क्षेत्र के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### शहबाज सरकार की इमरान की पार्टी को चेतावनी

# 'आठ फरवरी को विरोध प्रदर्शन किया, तो होगी सख्त कार्रवाई'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने पीटीआई को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह आठ फरवरी को विरोध प्रदर्शन करेगी तो सरकार सख्त कदम उठाएगी। पीटीआई ने आठ फरवरी को 'काला दिवस' के रूप में मनाने का एलान किया है, जबकि उसी दिन लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी का मैच भी होना है।पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पीटीआई अगर आठ फरवरी को विरोध प्रदर्शन करती है, तो सरकार इसके खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। उस दिन लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी का मैच भी होने वाला है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नकवी का यह बयान तब सामने आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को काला दिवस के रूप में मनाने का एलान किया है। पीटीआई ने घोषणा की है कि वह पिछले साल आठ फरवरी को हुई आम चुनाव में 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी और लाहौर के



मीनार-ए-पाकिस्तान मैदान में जनसभा करेगी।पंजाब प्रांत के लिए पीटीआई की नवनियुक्त आयोजक आलिया हमजा ने लाहौर के उपायुक्त को एक आवेदन दिया है, जिसमें सियासी जनसभा के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) की मांग की गई है। इसमें उन्होंने जिक्र किया है कि वह और पंजाब विधानसभा के विपक्ष के नेता मलिक अहमद खान भाचर और नेशनल असेंबली सीट-17 से अली इजाज मिलकर जलसे का आयोजन करेंगे। अपने लाहौर दौरे के दौरान नकवी ने पीको रोड पर मेगा पासपोर्ट केंद्र में कहा, सरकार पीटीआई से आठ फरवरी को विरोध प्रदर्शन की योजना पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेगी। लेकिन अगर पार्टी मना करती है, तो सरकार जरूरी कार्रवाई करेगी। नकवी ने आरोप लगाया कि जब भी देश में विदेशी हस्तियों का दौरा होता है, तब पीटीआई विरोध प्रदर्शन करने पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि उनकी (पीटीआई) राजनीति अराजकता को बढ़ावा देती है, न कि रचनात्मक विकास को। पाकिस्तान के गृह मंत्री ने एनएडीआरए, पासपोर्ट कार्यालयों और एफआईए में सुधारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो लोग फर्जी दस्तावेजों के साथ विदेश की यात्रा करने का प्रयास करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और मानव तस्करी में संलिप्त एजेंटों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अपनी पहली विदेश यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कई वर्षों तक गृह युद्ध झेलने वाले सीरिया में पुनर्निर्माण के लिए




अरबों डॉलर की आर्थिक मदद चाहिए और इस मामले में सऊदी अरब, सीरिया की काफी मदद कर सकता है। सीरिया में सत्ता परिवर्तन के साथ ही उसकी कूटनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। दरअसल सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति रविवार को अपनी पहली विदेश यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे हैं।


सीरिया की पूर्व की बशर अल असद सरकार ईरान की करीबी थी, अब सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति द्वारा पहली विदेश यात्रा पर सऊदी अरब जाना ईरान के लिए बड़ा संकेत है कि सीरिया अब उससे दूर जा रहा है और उसकी चुनौतियां बढ़ने वाली हैं। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा अपनी सरकार के विदेश मंत्री असद अल शैबानी के साथ रियाद पहुंचे हैं। सीरिया के मीडिया में जो तस्वीर सामने आई है, उसमें अहमद अल शरा और विदेश मंत्री शैबानी, सऊदी अरब का झंडा लगे जेट विमान के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। अहमद अल-शरा को पूर्व में अबू मोहम्मद अल जोलानी के नाम से जाना जाता था। शरा, हयात तहरीर अल शाम के प्रमुख हैं और पूर्व में अल कायदा से भी जुड़े रहे हैं। अहमद अल शरा अब सत्ता संभालने के बाद अपनी छवि सुधारने में जुटे हैं और अपनी अंतरिम सरकार में सीरिया की ईसाई और शिया समुदाय अलावाइट को भी साथ लेकर चल रहे हैं। गौरतलब है कि ऐसा माना जाता है कि सऊदी अरब उन देशों में से एक था, जिसने सीरिया में साल 2011 में बशर अल असद सरकार के समय में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान विद्रोही समूहों की मदद की थी। हालांकि उस वक्त विद्रोही समूह सफल नहीं हो सके थे। अब बशर के सत्ता से जाने के बाद सीरिया, सऊदी अरब के करीब जाता दिख रहा है। वहीं अभी तक सीरिया में ईरान ने अपना दूतावास फिर से नहीं खोला है।

### जेलेंस्की बोले...

# कुर्स्क में रूस ने अपने ही नागरिकों पर बम गिराए, बोर्डिंग स्कूल पर भी हमला

**एजेंसी**

नई दिल्ली। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस ने अपने ही कुर्स्क क्षेत्र में एक स्कूल पर बम बरसाए। इसमें कई रूसी शरणार्थी शरण लिए हुए थे। रूसी बम यूक्रेनी घरों को इसी तरह से नष्ट करते हैं।रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस ने अपने ही कुर्स्क क्षेत्र में एक स्कूल पर बम बरसाए। इसमें कई रूसी शरणार्थी शरण लिए हुए थे। वोलोदिमिर जेलेंस्की ने आरोप लगाया है कि रूस ने एक बोर्डिंग स्कूल पर हवाई बम गिराए।एक्स पर पोस्ट में जेलेंस्की ने लिखा कि रूस इस तरह से युद्ध लड़ता है। सुदजा कुर्स्क क्षेत्र में एक बोर्डिंग स्कूल जिसे नागरिक खाली करने की तैयारी कर रहे थे, उस पर रूसी हवाई बम गिराया गया। उन्होंने इमारत को नष्ट कर दिया। जेलेंस्की ने लिखा कि इसी तरह रूस ने दशकों पहले चेचन्या के खिलाफ युद्ध लड़ा था। उन्होंने सीरियाई लोगों को उसी तरह से मारा। रूसी बम यूक्रेनी घरों को इसी तरह से नष्ट करते हैं। यहां तक कि अपने नागरिकों के खिलाफ भी रूसी सेना इसी तरह की रणनीति का इस्तेमाल करती है। उन्होंने लिखा कि यह एक ऐसा देश है जिसमें सभ्यता नहीं है। यह एक ऐसी बुराई है जो अपने आप नहीं रुकेगी। लेकिन अगर हम दृढ़ता और निर्णायक रूप से कार्य करते हैं, तो रूस को रोकने के लिए मजबूर किया जा सकता है। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए ताकि दुनिया रूसी बमों से सुरक्षित रहे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को यूक्रेन ने रूस पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इसमें 12 लोग मारे गए। यूक्रेनी वायु सेना ने दावा किया कि उसने 56 ड्रोन को मार गिराया और 61 को निशाना बनाया। इससे पहले यूक्रेन के आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि यूक्रेन के शहर पोल्टावा में एक अपार्टमेंट ब्लॉक पर रूसी मिसाइल हमले में एक बच्चे समेत आठ लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए।शनिवार को यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि भारी नुकसान के चलते उत्तर कोरियाई सैनिकों को मोर्चे से हटा लिया गया है।




### 18 सैनिकों की मौत के बाद बलूचिस्तान पहुंचे सेना प्रमुख

# कहा- देश के मित्र शत्रुओं को बख्शेंगे नहीं

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने बलूचिस्तान के क्वेटा का दौरा किया।




उन्होंने कहा कि जो लोग अपने विदेशी आकाओं के आतंकी प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे हैं। हम उनके बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। ये तथाकथित मित्र-शत्रु चाहे कुछ भी कर लें, वे हमारे गौरवशाली राष्ट्र और इसके सशस्त्र बलों से पराजित होंगे।पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने शनिवार को बलूचिस्तान का दौरा किया। आतंकियों के साथ संघर्ष के दौरान 18 सैनिकों की मौत के बाद उन्होंने कहा कि देश को निशाना बनाने वाले देश के मित्र शत्रुओं का हम पता लगाकर रहेंगे। हम उनको बख्शेंगे नहीं।पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पिछले 24 घंटों में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए 18 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो चुकी है, जबकि 23 आतंकवादी भी मारे गए हैं। इस बीच सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने बलूचिस्तान के क्वेटा का दौरा किया। सेना ने कहा कि अधिकारियों ने सेना प्रमुख मुनीर को बलूचिस्तान में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने कहा कि जो लोग अपने विदेशी आकाओं के आतंकी प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे हैं। जिन्होंने शिकारी कुत्ते के साथ शिकार करने और खरगोश के साथ दौड़ने के दोहरे मापदंड की कला हासिल कर ली है। हम उनके बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। ये तथाकथित मित्र-शत्रु चाहे कुछ भी कर लें, वे हमारे गौरवशाली राष्ट्र और इसके सशस्त्र बलों से पराजित होंगे।उन्होंने कहा कि अपनी मातृभूमि और उसके लोगों की रक्षा के लिए जब भी आवश्यकता होगी और वे जहां भी होंगे हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और उनको ढूंढ निकालेंगे। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) मुनीर ने आतंकवाद से लड़ने के लिए सेना, फ्रंटियर कोर और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बहादुर अधिकारियों और सैनिकों के साहस व दृढ़ संकल्प की भी सराहना की। उन्होंने बलूचिस्तान के लोगों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सेना के संकल्प को फिर से दोहराया। साथ ही क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों में प्रांतीय सरकार को समर्थन देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।बता दें कि बलूचिस्तान में बलूच चरमपंथियों द्वारा नियमित रूप से सुरक्षा बलों पर हमले किए जा रहे हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, लेकिन अन्य प्रांतों की तुलना में इसके पास अधिक संसाधन होने के बावजूद यह सबसे कम विकसित है।

# सूडान में खुलेआम कुख्यात अर्धसैनिक समूह का तांडव; बाजार में 54 लोगों को उतारा मौत के घाट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सूडान में कुख्यात अर्धसैनिक समूह ने खुले बाजार पर हमला किया है। जिसमें 54 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 158 लोग घायल हो गए है। वहीं इस हमले पर रैपिड़ सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।सूडान में देश की सेना के खिलाफ लड़ने वाले एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह ने ओमदुरमन शहर में एक खुले बाजार में आम लोगों पर हमला किया, जिसमें 54 लोग मारे गए हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार को सबरीन मार्केट पर रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) की तरफ से किए गए हमले में कम से कम 158 अन्य लोग घायल हो गए हैं।



# बलूचिस्तान में 23 आतंकी ढेर, 18 सुरक्षाकर्मियों की भी मौत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पिछले 24 घंटों में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए 18 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो चुकी है,



जबकि 23 आतंकवादी भी मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्थिति का जायजा लेने के लिए शनिवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने बलूचिस्तान का दौरा किया। इस दौरान उन्हें वरिष्ठ सुरक्षा और खुफिया अधिकारियों ने स्थिति के बारे में जानकारी दी। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, जनरल मुनीर ने बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती और राज्यपाल शेख जाफर खान मंडोखैल के साथ मारे गए सैनिकों के अंतिम संस्कार में नमाज अदा की और संयुक्त सैन्य अस्पताल क्वेटा में घायल सैनिकों से भी मुलाकात की।इस दौरान जनरल मुनीर ने कहा, 'ये तथाकथित 'मित्र शत्रु' चाहे कुछ भी कर लें, वे निश्चित रूप से हमारे गौरवशाली राष्ट्र और इसके सशस्त्र बलों के लचीलेपन से पराजित होंगे।' चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) मुनीर ने आतंकवाद से लड़ने के लिए सेना, फ्रंटियर कोर और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बहादुर अधिकारियों और सैनिकों के साहस व दृढ़ संकल्प की भी सराहना की। उन्होंने बलूचिस्तान के लोगों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सेना के संकल्प को फिर से दोहराया।सेना ने बताया कि बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाए गए। एक अभियान में हरनई जिले में सैनिकों ने 11 आतंकवादियों को मार गिराया और कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इससे पहले, शुक्रवार रात को, कलात के मंगोचर इलाके में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के सड़क बाधित करने के प्रयास को विफल कर दिया और 12 आतंकवादियों को मार गिराया।

# एनईआर में दौड़ेंगी हाईस्पीड अमृत भारत और वंदेभारत ट्रेनें, पटरियों पर लगेंगे सुरक्षा कवच

**संवाददाता**

गोरखपुर। गोरखपुर से नरकटियागंज रूट पर कप्तानगंज से पनियहवा और भटनी से औड़िहार तक डबल लाइन बिछाने के लिए बजट मिला है। दोनों रूट पर अब काम में तेजी आएगी। इसके अलावा सहजनवां से दोहरीघाट, खलीलाबाद से बहराइच और घुघली से महराजगंज तक तीसरी लाइन बिछाने के लिए बजट मिला है।बजट में सुरक्षा, संरक्षा और तेज गति से ट्रेनों को चलाने पर ज्यादा फोकस किया गया है। पिछले साल के अधूरे कार्यों को पूरा कराने के लिए ज्यादा बजट मिला है। रेलवे में 1.14 लाख रुपये संरक्षा पर ही खर्च होंगे। एनईआर में छपरा से बाराबंकी से तक ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम बिछाने, ट्रेनों में कवच सिस्टम लगाने पर तेजी से काम होगा।एनईआर में छपरा से बराबंकी के बीच रेलखंड को कवच से लैस करने के काम में अब तेजी आएगी। टेंडर हो चुका है अब बजट मिलने के बाद काम शुरू होगा। इसके तहत ऑप्टिकल फाइबर बिछाने, टॉवर लगाने आदि के काम होंगे। इसके लगने से आमने-सामने ट्रेनों की टक्कर की संभावना खत्म हो जाएगी।दरअसल, कवच एक ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है, जिसे अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन आरडीएसओ ने विकसित किया है। इसके तहत रेल ट्रैक के किनारे फाइबर केबिल बिछाया जाता है और एक निश्चित दूरी पर टावर लगाते हैं। लोको में सेंसर आधारित डिवाइस लगाई जाती है, जो सामने से ट्रेन आने पर स्वयं इमरजेंसी ब्रेक लगा देती है।गोरखपुर से नरकटियागंज रूट पर कप्तानगंज से पनियहवा और भटनी से औड़िहार तक डबल लाइन बिछाने के लिए बजट मिला है। दोनों रूट पर अब काम में तेजी आएगी। इसके अलावा सहजनवां से दोहरीघाट, खलीलाबाद से बहराइच और घुघली से महराजगंज तक तीसरी लाइन बिछाने के लिए बजट मिला है। इसी तरह गोंडा-बुढ़वल, कुसम्ही-गोरखपुर स्टेशन और डोमिनगढ़-खलीलाबाद के बीच के तीसरी लाइन बिछाने के लिए सर्वे हो चुका है। बजट मिलने के बाद पटरियों को बिछाने का काम शुरू होगा। तीसरी लाइन के बनने से ट्रेनों को चलाने में सहूलियत होगी। वहीं, सहजनवां-दोहरीघाट और खलीलाबाद-बहराइच रूट पर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस बजट में किसानों को मुआवजा देने के लिए बजट मिला है।रेलवे का बजट अब अलग से जारी नहीं होता है। इसके केंद्रीय बजट में सम्मिलित कर दिया गया है। लेकिन, रेलवे के मद में कितना बजट किस जोन को मिला है और क्या-क्या काम होंगे इसकी जानकारियां रेलवे के पिंक बुक के जरिए मिलेगी। सप्ताह भी में पिंक बुक जारी किए जाने की संभावना है।



## समर्थ कॉमन एडमिशन पोर्टल से नए सत्र में होगा प्रवेश

**संवाददाता**

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश शासन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से प्रवेश के लिए एक ही पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आदेश जारी किया है। नई व्यवस्था में भी विश्वविद्यालय अपनी प्रवेश परीक्षाएं खुद कराएंगे। इसके तहत अभ्यर्थी विश्वविद्यालय का चयन करने के बाद आवेदन करते समय प्रवेश परीक्षा शुल्क जमा करेंगे।दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में ह्यसमर्थ कॉमन एडमिशन पोर्टलह्व से प्रवेश प्रक्रिया होगी। नई व्यवस्था में सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए कॉमन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। एक ही पंजीकरण से अभ्यर्थी एक से अधिक विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे।पंजीकरण पूरी तरह निशुल्क होगा। संभावना है कि मार्च में ह्यसमर्थह्व पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से प्रवेश के लिए एक ही पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आदेश जारी किया है। नई व्यवस्था में भी विश्वविद्यालय अपनी प्रवेश परीक्षाएं खुद कराएंगे इसके तहत अभ्यर्थी विश्वविद्यालय का चयन करने के बाद आवेदन करते समय प्रवेश परीक्षा शुल्क जमा करेंगे। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर प्रवेश प्रक्रिया का डाटा उपलब्ध होगा। समर्थ कॉमन एडमिशन पोर्टल को लेकर दिल्ली में राज्य विश्वविद्यालयों की मीटिंग भी जनवरी में हुई थी। डीडीयू प्रशासन ने भी इसमें हिस्सा लिया था।कॉमन एडमिशन पोर्टल का लिंक डीडीयू की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा।

## बाल सुधार गृह में बाल अपचारियों का हंगामा

**संवाददाता**

गोरखपुर। गुलरिहा के शिवपुर सहबाजगंज स्थित राजकीय संप्रेषण गृह (बाल सुधार) में शनिवार की शाम चार बजे बाल अपचारियों का एक गुट खाना कम मिलने पर हंगामा करने लगा और थालियां पटकने लगे।पादरी बाजार (गोरखपुर)। गुलरिहा इलाके के शिवपुर सहबाजगंज स्थित राजकीय संप्रेषण गृह में शनिवार शाम खाना कम मिलने पर बाल अपचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर पहुंची गुलरिहा और शाहपुर पुलिस ने हंगामा कर रहे हैं बाल अपचारियों को समझा कर मामले को शांत कराया।जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा के शिवपुर सहबाजगंज स्थित राजकीय संप्रेषण गृह (बाल सुधार) में शनिवार की शाम चार बजे बाल अपचारियों का एक गुट खाना कम मिलने पर हंगामा करने लगा और थालियां पटकने लगे।

# 5 फरवरी तक निरस्त रहेंगी वाराणसी- प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें




**संवाददाता**

गोरखपुर। वाराणसी सिटी से 03, 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैंट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 03, 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15129 गोरखपुर कैंट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 02, 03, एवं 04 फरवरी को चलने वाली 15131 गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी रेलवे प्रशासन की ओर से अपरिहार्य कारणों से वाराणसी और प्रयागराज जाने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है। गोरखपुर से 02 एवं 03 फरवरी को चलने वाली 05004 गोरखपुर-झूसी विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। झूसी से 03 एवं 04 फरवरी को चलने वाली 05003 झूसी-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।इसी तरह गोरखपुर से 02, 03 और 04 फरवरी को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस और कानपुर अनवरगंज से 03, 04 और 05 फरवरी को चलने वाली 15003 कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।वाराणसी सिटी से 03, 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैंट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 03, 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15129 गोरखपुर कैंट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 02, 03, एवं 04 फरवरी को चलने वाली 15131 गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।वाराणसी सिटी से 02, 03, एवं 04 फरवरी को चलने वाली 15132 वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 03, 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15103 गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 03, 04 एवं 05 फरवरी को चलने वाली 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर से 03 फरवरी को चलने वाली 15018 गारेखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस पूर्व परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-जौनपुर-वाराणसी जं.-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के स्थान पर पुनः परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-बीना-इटारसी के रास्ते चलाई जाएगी।

लोकमान्य तिलक से 02 फरवरी को चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस पूर्व परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी जं.-जौनपुर-औंड़िहार के स्थान पर पुनः परिवर्तित मार्ग इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-बाराबंकी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी।

### अंडर-9 में अंशुमान और रौनक फाइनल में

## सैयद मोदी मेमोरियल बैडमिंटन टूनार्मेंट का दूसरा दिन

**संवाददाता**

गोरखपुर। बालिका एकल अंडर-11 में अर्शिया शुक्ला ने सानवी सोलंकी को 21-6 से, अतीक्षा गेंठे ने नंदिनी को 21-7 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। बालक एकल अंडर-11 में अर्पित सिंह ने रौनक खान को 21-19 से, अंश कुमार गौंड ने शलभ त्रिपाठी को 21-15 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।सैयद मोदी मेमोरियल बैडमिंटन टूनार्मेंट के दूसरे दिन सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। बालक एकल अंडर-9 में अंशुमान राय ने युधिष्ठिर को 21-9 और रौनक खान ने कान्हा को 21-17 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।बालिका एकल अंडर-11 में अर्शिया शुक्ला ने सानवी सोलंकी को 21-6 से, अतीक्षा गेंठे ने नंदिनी को 21-7 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।बालक एकल अंडर-11 में अर्पित सिंह ने रौनक खान को 21-19 से, अंश कुमार गौंड ने शलभ त्रिपाठी को 21-15 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका एकल अंडर 15 में रिद्धिमा यादव ने वीनस को 21-07, शमीमा खातून ने साक्षी को 21-8, बालक एकल अंडर 15 में अंशुमान मल ने हर्षित बंसल को 15-9, 12-15, 15-12 से और शिव प्रताप गौंड ने शौर्य शुक्ला को 15-11, 15-10, 15-16 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।बालक एकल अंडर-17 में अमन मद्धेशिया ने अनुज को 15-13, 15-



9 से हराकर एवं शुभम पांडेय ने विभाष मालवीय को 15-5, 15-10, 15-13 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बालक युगल अंडर-17 में अमन और विभाष की जोड़ी ने आयुष और सौरभ की जोड़ी को 15-8, 15-4 से, शुभम और अनुराग की जोड़ी ने पुष्कर और अमन यादव की जोड़ी को 15-11, 15-9 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

# मास्टरमाइंड का बेटा बलबीर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार


**संवाददाता**

गोरखपुर। पुलिस टीम के मुताबिक अपने को बचाने के लिये बलबीर ने तमंचे से फायर झोंक दिया। बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने के कारण पुलिस कर्मी बच गए। जबाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो बलबीर के पैर में लगी। पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान तमंचा और कारतूस को भी पुलिस ने बरामद किया है।कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मां बेटी हत्याकांड में फरार चल रहे 50 हजार का इनामिया आरोपी बलबीर उपाध्याय को बीती रात गड़हा गौतम के निकट मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान बलबीर के पैर में गोली लगी हैं। मां बेटी हत्याकांड में दर्ज मुकदमे में विवेचना के दौरान बलबीर उपाध्याय उर्फ मुन्नर घटना में शामिल रहने की पुष्टि हुई थी।घायल बलबीर उपाध्याय को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्रा और एसओजी प्रभारी चंद्रकांत पांडेय की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बीती रात घेराबंदी करके कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सेठा गाँव के रहने वाले बलबीर उपाध्याय उर्फ मुन्नर पुत्र कमलेश उपाध्याय उर्फ बिलोदर को पकड़ने का प्रयास किया गया।पुलिस टीम के मुताबिक अपने को बचाने के लिये बलबीर ने तमंचे से फायर झोंक दिया।



# WHY TEMPERATURES AT NORTH POLE REACHED 20 DEGREES CELSIUS ABOVE AVERAGE

NEW DELHI | THE GLOBAL TEMPERATURES HAVE INCREASED BY AROUND 1.3 DEGREES CELSIUS COMPARED TO THE 1850-1900 BASELINE. HOWEVER, THIS RISE IN TEMPERATURES IS NOT UNIFORM ACROSS THE PLANET. FOR INSTANCE, THE ARCTIC HAS WARMED 3.8 TIMES FASTER THAN THE GLOBAL AVERAGE SINCE THE LATE 1970S. (PHOTO: WIKIMEDIA COMMONS) TEMPERATURES INCREASED BY MORE THAN 20 DEGREES CELSIUS ABOVE AVERAGE AT THE NORTH POLE, CROSSING THE THRESHOLD FOR ICE TO MELT, ON FEBRUARY 2. WHILE MERCURY SOARED TO 18 DEGREES CELSIUS HOTTER THAN THE 1991–2020 AVERAGE IN THE NORTH OF SVALBARD, NORWAY, ON FEBRUARY 1, IT HAD RISEN TO MORE THAN 20 DEGREES CELSIUS BY THE NEXT DAY. MIKA RANTANEN, A SCIENTIST AT THE FINNISH METEOROLOGICAL INSTITUTE (FINLAND), TOLD THE GUARDIAN, “THIS WAS A VERY EXTREME WINTER WARMING EVENT… PROBABLY NOT THE MOST EXTREME EVER OBSERVED, BUT STILL AT THE UPPER EDGE OF WHAT CAN HAPPEN IN THE ARCTIC.” SINCE 1979, THE ARCTIC HAS WARMED FOUR TIMES FASTER THAN THE GLOBAL AVERAGE. THIS IS AN ISSUE BECAUSE THE REGION



ACTS AS A REFRIGERATOR FOR THE REST OF THE WORLD — IT HELPS COOL THE PLANET. IF TEMPERATURES CONTINUE TO SOAR AT THIS RATE, IT CAN LEAD TO SEVERE GLOBAL IMPACTS INCLUDING RISING SEA LEVELS AND DISRUPTION OF WEATHER PATTERNS. THE CURRENT UNUSUALLY MILD TEMPERATURES IN THE REGION DURING THE DEPTHS OF THE POLAR WINTER (IT IS FROM NOVEMBER TO FEBRUARY) WERE DUE TO A DEEP LOW-PRESSURE SYSTEM — A REGION WHERE THE ATMOSPHERIC PRESSURE IS LOWER THAN THAT OF SURROUNDING LOCATIONS — OVER ICELAND. THE SYSTEM OPENED GATES FOR THE ARRIVAL OF WARMER AIR FROM LOWER LATITUDES, EFFECTIVELY BRINGING HEAT TO THE REGION. ANOTHER FACTOR WAS REALLY HOT SEA SURFACE TEMPERATURES IN THE NORTH-EAST ATLANTIC, WHICH FURTHER INTENSIFIED THE WIND-DRIVEN WARMING. AS A RESULT, THE DAILY AVERAGE TEMPERATURES AT THE NORTH POLE WERE MORE THAN 20 DEGREES CELSIUS ABOVE AVERAGE ON FEBRUARY 2, WITH ABSOLUTE TEMPERATURES BEING MORE THAN -1 DEGREES CELSIUS. THE GLOBAL TEMPERATURES HAVE INCREASED BY AROUND 1.3 DEGREES CELSIUS COMPARED TO THE 1850-1900 BASELINE. HOWEVER, THIS RISE IN TEMPERATURES IS NOT UNIFORM ACROSS THE PLANET. FOR INSTANCE, THE ARCTIC HAS WARMED 3.8 TIMES FASTER THAN THE GLOBAL AVERAGE SINCE THE LATE 1970S, ACCORDING TO A 2022 STUDY.

# *INDIAN MIGRANTS SENT BACK FROM US: WHY TRUMP IS USING EXPENSIVE MILITARY PLANES FOR DEPORTATION*

NEW DELHI | MILITARY PLANES, DEPORTATION FROM USWHITE HOUSE PRESS SECRETARY KAROLINE LEAVITT POSTED PICTURES OF HANDCUFFED MIGRANTS TIED TOGETHER AND WALKING TOWARDS A MILITARY PLANE, ON JAN 24. (PHOTO: X/@PRESSSEC) INDIAN ILLEGAL IMMIGRANTS IN US: A UNITED STATES MILITARY PLANE CARRYING DEPORTED INDIAN MIGRANTS HAS LANDED IN AMRITSAR ON WEDNESDAY (FEBRUARY 5) MORNING. THE C-17 AIRCRAFT CARRYING 205 INDIAN NATIONALS DEPARTED FROM SAN ANTONIO, TEXAS, AROUND 3 AM IST ON TUESDAY (FEBRUARY 4). US PRESIDENT DONALD TRUMP WON THE RECENT ELECTION ON THE PLANK OF CRACKING DOWN ON ILLEGAL IMMIGRATION, AND HAS BEEN VIGOROUSLY PURSUING THIS EVER SINCE HE TOOK OFFICE. ILLEGAL IMMIGRANTS ARE BEING DEPORTED BY THE PLANELOAD, INCLUDING, SIGNIFICANTLY, ON MILITARY PLANES. THE USE OF MILITARY PLANES FOR DEPORTATION IS UNUSUAL IN THE US, IT IS ALSO VERY EXPENSIVE. RECENTLY, COLOMBIA HAD REFUSED TO LET A MILITARY FLIGHT CARRYING DEPORTEES LAND, WITH PRESIDENT GUSTAVO PETRO SAYING HE WOULD



ONLY ACCEPT CIVILIAN PLANES. WHY, THEN, IS THE TRUMP ADMINISTRATION PERSISTING WITH THEM? HOW MUCH DOES ONE DEPORTATION FLIGHT ON A MILITARY PLANE COST? THE US USUALLY CARRIES OUT DEPORTATIONS ON COMMERCIAL CHARTERS THAT LOOK LIKE REGULAR COMMERCIAL PLANES, AND ARE OPERATED BY US CUSTOMS AND IMMIGRATION ENFORCEMENT (ICE). WHILE THESE PLANES ARE STILL FERRYING ILLEGAL IMMIGRANTS OUT, THEY HAVE RECEIVED LESS ATTENTION THAN THE HUGE, IMPOSING MILITARY C-17S. REUTERS HAS CALCULATED THE COMPARATIVE COST OF THE TWO PLANES. A RECENT MILITARY DEPORTATION FLIGHT TO GUATEMALA, IT SAID, “LIKELY COST AT LEAST $4,675 PER MIGRANT…THAT IS MORE THAN FIVE TIMES THE $853 COST OF A ONE-WAY FIRST CLASS TICKET ON AMERICAN AIRLINES” ON THE SAME ROUTE. ABOUT ICE FLIGHTS, REUTERS SAID, “…ACTING ICE DIRECTOR TAE JOHNSON TOLD LAWMAKERS DURING AN APRIL 2023 BUDGET HEARING THAT DEPORTATION FLIGHTS COST $17,000 PER FLIGHT HOUR FOR 135 DEPORTEES AND TYPICALLY LASTED FIVE HOURS.” THIS WOULD “TRANSLATE TO A COST OF $630 PER PERSON, ASSUMING THE CHARTER COMPANY, AND NOT ICE, PAYS THE COST OF THE RETURN FLIGHT.” THE ESTIMATED COST TO OPERATE A C-17 MILITARY TRANSPORT AIRCRAFT IS $28,500 PER HOUR, THE SAME REPORT SAID. THE DEPORTATION FLIGHT TO INDIA IS THE LONGEST YET. SO FAR, SUCH FLIGHTS HAVE GONE TO GUATEMALA, PERU, HONDURAS, AND ECUADOR. A MILITARY PLANE HAD FLOWN FOR COLOMBIA TOO, BUT THE COUNTRY SENT ITS OWN PLANES TO BRING BACK THE IMMIGRANTS. IT HAS TO DO WITH SYMBOLISM. TRUMP HAS FREQUENTLY TERMED ILLEGAL IMMIGRANTS “ALIENS” AND “CRIMINALS” WHO HAVE “INVADED” AMERICA. THE VISUALS OF IMMIGRANTS BEING LOADED ONTO MILITARY PLANES SEEMS TO BE PART OF THE MESSAGE THAT TRUMP IS TOUGH ON SUCH “CRIMES”. SHACKLING AND HANDCUFFING THE IMMIGRANTS AS THEY ARE LOADED INTO PLANES ALSO SEEMS IN LINE WITH THIS.

### 4 NOIDA SCHOOLS GET BOMB THREAT STUDENTS EVACUATED

NOIDA | AT LEAST FOUR PRIVATE SCHOOLS IN NOIDA RECEIVED A BOMB THREAT THROUGH EMAILS WEDNESDAY, PROMPTING THE POLICE TO CONDUCT CHECKS AT THE PREMISES. ACCORDING TO A STATEMENT BY THE NOIDA POLICE, STEP BY STEP, THE HERITAGE, GYANSHREE, AND MAYOOR RECEIVED THE EMAILS IN THE MORNING. “SOON AFTER RECEIVING THE INFORMATION, THE BOMB DETECTION TEAM, DISPOSAL SQUAD, DOG SQUAD, FIRE DEPARTMENT OFFICIALS AND LOCAL POLICE REACHED THE SPOT FOR CHECKING,” THE STATEMENT READS. IN THE STATEMENT, THE NOIDA POLICE REQUESTED PARENTS AND OTHER PEOPLE NOT TO PANIC AND NOT TO BELIEVE IN RUMOURS. AS OF NOW, NOTHING SUSPICIOUS HAS BEEN RECOVERED, A POLICE OFFICER SAID, ADDING FURTHER CHECKING WAS UNDERWAY. THE HERITAGE SCHOOL ISSUED A STATEMENT TO THE PARENTS ABOUT THE BOMB THREAT. “THE SAFETY OF OUR STUDENTS IS OUR TOP PRIORITY, AND WE HAVE IMMEDIATELY EVACUATED ALL STUDENTS FROM THE PREMISES. WE ARE PLEASED TO REPORT THAT ALL STUDENTS HAVE BEEN SAFELY EVACUATED,” SAID THE SCHOOL.

# *WHO WAS THE AGA KHAN*

## SPIRITUAL LEADER AND PHILANTHROPIST, WHO PASSED AWAY AT 88?

NEW DELHI | THE AGA KHAN HOLDS THE ANDREW CARNEGIE MEDAL OF PHILANTHROPY AFTER BEING PRESENTED WITH THE PRESTIGIOUS AWARD FOR PHILANTHROPY DURING A CEREMONY AT THE SCOTTISH PARLIAMENT IN EDINBURGH, SCOTLAND, OCT. 4, 2005. (AP PHOTO) THE AGA KHAN, WHO EMERGED AS THE SPIRITUAL LEADER OF THE WORLD’S MILLIONS OF ISMAILI MUSLIMS, AND A PHILANTHROPIST, “PASSED AWAY PEACEFULLY” IN LISBON, SURROUNDED BY HIS FAMILY, ON TUESDAY, THE OFFICIAL WEBSITE OF THE AGA KHAN DEVELOPMENT NETWORK (AKDN) ANNOUNCED. PRINCE KARIM AL-HUSSAINI, THE AGA KHAN IV WAS THE 49TH HEREDITARY IMAM (SPIRITUAL LEADER) OF THE SHIA ISMAILI MUSLIMS, WHO HAD DEDICATED HIS EFFORTS TOWARDS IMPROVING THE QUALITY OF LIFE OF THE MOST VULNERABLE POPULATIONS ACROSS THE WORLD, ACCORDING TO AKDN. A DIRECT DESCENDANT OF THE PROPHET MUHAMMAD, KHAN WAS THE FOUNDER AND CHAIRMAN OF THE AKDN. BORN ON DECEMBER 13, 1936, IN CREUX-DE-GENTHOD, NEAR GENEVA, SWITZERLAND, KHAN WAS THE SON OF JOAN YARDE-BULLER AND ALY KHAN. HE SPENT PART OF HIS CHILDHOOD IN NAIROBI, KENYA, ACCORDING TO THE ISMAILI COMMUNITY’S WEBSITE. NOW SURVIVED BY THREE SONS AND A DAUGHTER AND SEVERAL GRANDCHILDREN, KHAN WILL BE BURIED IN LISBON. AGA KHAN IN INDIA THEN INDIAN PRIME MINISTER MANMOHAN SINGH, RIGHT, WALKS WITH THE AGA KHAN, AS HE ARRIVES TO INAUGURATE THE RESTORED 16TH CENTURY HUMAYUN’S TOMB IN NEW DELHI, INDIA, WEDNESDAY, SEPT. 18, 2013. (AP PHOTO) KHAN HAD LEFT HARVARD UNIVERSITY TO BE BY HIS AILING GRANDFATHER,

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।

प्रधान संपादक :
शक्ति शंकर
मो नं.
7233999001

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।